



# प्रारूप - औपचारिक पत्र

प्रतिष्ठा में/ सेवा में
श्रीमती प्रधानाचार्या महोदया
भारती पब्लिक स्कूल
स्वास्थ्य विहार
दिल्ली-92

**<u>विषय: अवकाश हेतु प्रार्थना-पत्र।</u>**

आदरणीय महोदया

सविनय निवेदन यह है कि मैं आपके विद्यालय की कक्षा आठवीं-अ छात्रा/छात्र हूँ। मुझे कल रात से तेज़ ज़्वर है जिसके कारण मैं विद्यालय आने में असमर्थ हूँ। चिकित्सक महोदय ने मुझे तीन दिन विश्राम करने का आग्रह किया है। अतः मुझे 23 जून,2012 से 25 जून,2012 तक का अवकाश प्रदान कर कृतार्थ करें/ अनुग्रहित करें।

सधन्यवाद
भवदीया/भवदीय
क.ख.ग
तिथि: 23 जून, 2012

# प्रारूप-अनौपचारिक पत्र

परीक्षा भवन

स्वास्थ्य विहार

दिल्ली-92

तिथि: 23 जून,2012

| | | |
|---|---|---|
| **प्रिय रोहन** | **आदरणीय पिताजी** | **प्रिय मित्र दानिश** |
| **शुभाशीष।** | **सादर प्रणाम/ चरण स्पर्श।** | **सप्रेम नमस्कार।** |

कल ही पिताजी का पत्र मिला और साथ ही तुम्हारा परीक्षा परिणाम भी। आश्चर्य के साथ-साथ दुख भी हुआ कि कल का होनहार विद्यार्थी आज कुसंगति के कारण पतन का शिकार हो रहा है। रोहन तुम हमारे घर का चिराग हो, माँ-बाप की आस हो। क्षणिक सुख के लिए अथवा आनंद के लिए तुम अपने भविष्य को नष्ट कर रहे हो। मित्रों का चुनाव करते समय अपनी विवेक बुद्धि का प्रयोग करना आवश्याक है। उम्मीद ही नहीं पूरा विश्वास है कि मेरा छोटा भाई मेरे परामर्श को ध्यान में रखते हुए गलत मित्रों का साथ छोड़ देगा और जीवन की पराकाष्ठाओं का (चरमसीमा) का स्पर्श करेगा।

माताजी-पिताजी को मेरा सादर प्रणाम कहना मत भूलना और अपना ध्यान रखना।

शुभाकांक्षी

तुम्हारा भाई

क.ख.ग।